एक नजर में

## सुरमई शाम में गूंजे 80 के दशक के तराने



**इंदौर.** संगीत के शौकीन मित्रों के ग्रुप फ्रेंड्स फॉरएवर द्वारा बीते दिन प्रीतमलाल दुआ सभागृह में एक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस शाम को ग्रुप के कलाकारों ने बॉलीवुड के सुनहरे दौर यानी 80 के दशक के सुपरहिट और यादगार गानों से सजाकर श्रोताओं को अतीत की खूबसूरत यादों में ले गए. कार्यक्रम में कुल 22 सदाबहार गीतों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने सभागृह में मौजूद हर संगीत प्रेमी को झूमने पर मजबूर कर दिया. कार्यक्रम की शुरुआत और आगे का सफर बेहद रोमांचक रहाय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक युगल गीत पेश किए. मोनिका और राजेन्द्र जी की आवाज में कब के बिछड़े हुए, शिवानी और असीम का कबके बिछड़े, और प्रीति व मनीष का घटा छा गई है... ने श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी. वहीं सपना और रीतेश ने शायद मेरी शादी का ख़्याल गाकर माहौल में उत्साह भर दिया, तो संध्या और राजेन्द्र जी ने दिन महीने साल गाकर समां बांध दिया. इसके बाद भी सुरों का यह सिलसिला थमा नहीं. मोनिका-असीम ने, शिवानी-मनीष, प्रीति-रितेश ने और सपना-रा राजेन्द्र ने सुरीली प्रस्तुतियां दीं. संध्या-असीम, मोनिका-मनीष और शिवानी-रीतेश की प्रस्तुति पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इसके आखिरी दो ग्रुप सॉन्ग्स रहे. देर रात तक चले इस कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य नागरिक और संगीत प्रेमी उपस्थित थे.

## समाजसेवा के लिए डॉ. दीपा सोमानी का सम्मान



**इंदौर.** श्री गीता-रामेश्वरम पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में डॉ. दीपा सोमानी को देवी अहिल्या अलंकरण से अलंकृत किया गया है. मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल थे. अध्यक्षता रिटायर्ड जज जस्टिस शमीम कुरैशी ने की. डॉ. दीपा सोमानी ने समाजसेवा के क्षेत्र में अनेक नए प्रतिमान स्थापित किए हैं. वे माहेश्वरी समाज सहित शहर की अनेक संस्थाओं से जुड़कर सेवा कार्य कर ही रही हैं, साथ ही महिला सशक्तिकरण के लिए भी अनेक कार्य किए हैं. महिला दिवस पर पेट्रोल पंप सहित अन्य संस्थाओं में कार्य करने वाली युवतियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया है. वृद्धाश्रम में जन्मदिन और अन्य दिवसों पर अपनी सखियों के साथ सामग्री वितरण के साथ ही वहां निवासरत बुजुर्गों के सुख और दु:ख भी साझा करती हैं. अपनी महिला सखियों की टीम बनाकर उन्हें भी समाज के वंचित वर्गों की सेवा के लिए जोड़ रही हैं और वे आर्थिक सहयोग इकट्ठा कर सेवा कार्य करती हैं. उन्होंने आव्हान किया कि महिलाएं अपनी घर की जिम्मेदारी निभाने के बाद बचे हुए समय में समाज के वंचित वर्ग की सेवा में योगदान दें.

## नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन का हुआ वितरण



**इंदौर.** एनजीओ ईशान फाऊंडेशन द्वारा शहर की आस्था पैलेस कॉलोनी में मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य और हाइजीन की कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यक्रम में 30 से अधिक महिलाएं, युवतियां और किशोर बालिकाएं उपस्थित रहीं. इनमें से अधिकांश महिलाएं घरेलू सहायिकाओं के रूप में कार्य करती हैं. आयोजन में सहयोगी, यूनिचार्म कंपनी की रश्मि प्रसाद तथा ईशान फाउंडेशन की ऋचा राजगुरु जी ने उपस्थित सभी महिलाओं को मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य, गर्भावस्था, पर्सनल हाइजीन, सही सैनिटरी नैपकिन का चयन से लेकर सर्वाइकल कैंसर के टीके तक के बारे में विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम को सफल बनाने में आर आर कैट की सेवानिवृत वैज्ञानिक डॉ. अपर्णा बर्मन का भी योगदान रहा। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को सैनेटरी नैपकिंस का निशुल्क वितरण किया गया. अधिक जानकारी देते हुए ईशान फाऊंडेशन की डायरेक्टर व संस्थापक, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निकिता रावल ने कहा, महिला व बालिका स्वास्थ्य को लेकर हमने प्रारंभ से छोटी बस्तियों, आंगनवाड़ियों आदि में कार्यशालाएं आयोजित की हैं. इनका मुख्य उद्देश्य महिला स्वास्थ्य संबंधी बहुत सामान्य लेकिन महत्वपूर्ण जानकारियों का प्रसार करना होता ह. हमें विश्वास है कि इन आयोजनों के जरिए हम खासकर उन महिलाओं तक जानकारी पहुंचा सकेंगे जो साधनों और सामान्य जानकारी के अभाव में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की शिकार हो जाती हैं और डॉक्टर से राय लेने में भी झिझकती हैं।

## कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, मेधावी छात्राओं को बांटे लैपटॉप



**महू.** चोरल क्षेत्र में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व सरपंच अशोक सैनी के नेतृत्व में एक विशाल कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन और भव्य कलश चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया. यह आयोजन चोरल के वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. भगवान दास सैनी की सातवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी शामिल हुए. खेतों में सोयाबीन की बोवनी का सीजन होने के बावजूद, इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति ने हिस्सा लेकर बड़ा शक्ति प्रदर्शन किया. इस अवसर पर दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि आज किसान, मजदूर, युवा और व्यापारी, हर वर्ग बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है. किसानों को न तो समय पर खाद मिल पा रहा है और न ही उनकी फसलों का उचित दाम मिल रहा है. युवा डिग्री लेकर बेरोजगार घूम रहे हैं और भाजपा सरकार केवल भ्रष्टाचार में नंबर वन बनने का काम कर रही है. जनता अब इस कुशासन से तंग आ चुकी है. इस अवसर पर सरपंच अशोक सैनी ने अपनी पुरानी घोषणा को पूरा किया. उन्होंने 26 जनवरी को क्षेत्र के बच्चों से वादा किया था कि कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को वे अपनी ओर से लैपटॉप देंगे. अपने वादे को निभाते हुए उन्होंने पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के हाथों 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रियंका पिता विक्रम और 10वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अर्जिता ओसारी पिता मनीराम को प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप भेंट किए.

## खंडेलवाल-वैश्य समाज का परिचय सम्मेलन आज से

**इंदौर.** अ.भा. खंडेलवाल वैश्य महासभा जयपुर के तत्वावधान में संत श्री सुंदरदास पारमार्थिक ट्रस्ट एवं खण्डेलवाल संस्कृति वूमन्स क्लब के द्वारा 27-28 जून को दो दिवसीय अ.भा. युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन साउथ तुकोगंज स्थित पंजाब अरोड़वंशीय ट्रस्ट भवन पर होगा, जिसका शुभारम्भ शनिवार को सुबह 10 बजे महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं उद्योगपति मनीष शाहरा की अध्यक्षता में होगा. कार्यक्रम स्थल को स्व. रुक्मणी देवी गुप्ता एवं स्व. चिरंजी लाल गुप्ता परिसर नाम दिया गया है. आयोजन समिति के दिनेश कूलवाल, रमेश गुप्ता, कैलाशचन्द खंडेलवाल एवं सुनील माली ने बताया कि आयोजन में देश के लगभग सभी राज्यों के 300 उच्च शिक्षित प्रत्याशी आएँगे. इनमें 130 युवतियां एवं 170 युवक प्रत्याशी शामिल हैं. आयोजन की महिला समिति की ओर से श्रीमती शुभांगी भूखमारिया, संगीता कूलवाल, सुनीता राजोरिया, मीनाक्षी ताम्बी एवं उषा कूलवाल, सारिका खण्डेलवाल ने बताया कि महासभा के मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजीव कट्टा के साथ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक गोलू शुक्ला भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# मोहर्रम पर निकले ताजिए





इंदौर. शुक्रवार को मुहर्रम के उपलक्ष्य में ताजिए निकाले गए. राजवाड़ा सरकारी इमामबाड़े से ताजिया कर्बला पहुंचा, जिसमें हजारों की संख्या में सभी समाज के लोग शामिल हुए. इसके साथ ही शहर के अन्य स्थानों से भी ताजिए इस जुलूस में शामिल हुए. इसके बाद ताजिए कर्बला मैदान पहुंचे, जहां उन्हें ठंडा किया गया. उल्लेखनीय है कि सरकारी ताजिया इंदौर के राजघराने के महाराज तुकोजीराव होलकर के जमाने से बनता आ रहा है. ताजिया बनाने की राशि होलकर परिवार की तरफ से ही दी जाती रही है.

वहीं, आज संस्था सर्वधर्म संघ द्वारा हर साल की तरह इस साल भी यशवंत रोड पर मंच लगाकर कर्बला जाने वाले तमाम अखाड़े एवं ताजिए के संचालक कर्ताओं एवं कलाकारों का सम्मान इस मंच से किया गया. संस्था अध्यक्ष मंजूर बेग ने बताया कि इंदौर में होलकर वंश के जमाने से लगातार सरकारी ताजिए के साथ ही जूना रिसाले अखाड़ा कर्बला का रोजा का झांकी बनाई गई थी. वहीं चौकी वालों ने मदीने मनावर का झांकी का प्रदर्शन किया इन सभी कलाकारों एवं निर्माणकर्ता एवं मुख्य शहर काजी डॉक्टर इशरत अली को शॉल उड़ाकर राजवाड़े का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष रियाज खान, सोहेल पठान, बाबा माहिर शाह, सतीश शर्मा, शाकिर लाला मुकेश बजाज, आदि लोग मौजूद थे.

## मामूली विवाद में युवक पर चाकू से हमला

**इंदौर.** खजराना थाना क्षेत्र के तंजीम नगर में फोन पर बात करने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है. थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि शाहनवाज उर्फ शानू फोन पर बात कर रहा था. इसी दौरान आरिफ बरकाती ने उसे टोक दिया. कहासुनी के बाद आरोपी गाली गलौज करते हुए चाकू लेकर आया और शाहनवाज के पेट में वार कर घायल कर दिया, मामले में पुलिस जांच कर रही है.

# रातभर चली मतगणना : जिला अभिभाषक संघ को मिला नया नेतृत्व

- अध्यक्ष बने राकेश पाल, सचिव पद पर धर्मेंद्र गुर्जर की करीबी जीत
- कोषाध्यक्ष पल्लवी अध्यारू को मिले सर्वाधिक 859 मत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. जिला अभिभाषक संघ इंदौर के वर्ष 2026-27 के चुनाव की मतगणना गुरुवार रातभर चली और शुक्रवार सुबह करीब चार बजे परिणाम घोषित किए. हर राउंड के बाद बदलते समीकरणों के बीच समर्थकों की निगाहें मतगणना पर टिकी रहीं. अंतिम नतीजे सामने आते ही न्यायालय परिसर में फूल मालाओं, मिठाइयों और आतिशबाजी के साथ विजयी प्रत्याशियों का स्वागत किया. कई प्रत्याशी और समर्थक सुबह साढ़े छह बजे तक मतगणना स्थल पर मौजूद रहे.**





सुबह 11 बजे शुरू हुए मतदान में 3558 अधिवक्ताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया. अध्यक्ष पद के सबसे चर्चित मुकाबले में राकेश पाल ने 696 मत हासिल कर बाजी मारी. राजेश खंडेलवाल को 625, गोपाल कचोलिया को 451, श्रीराम भदौरिया को 368, लखनलाल यादव को 326, रविंद्र सिंह गौड़ को 243, राजेंद्र यादव को 70 तथा मनोज वर्मा को 8 मत मिले. वहीं उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र नीम को 832 मत मिले. उनके मुकाबले हरीश वांडवडे को 464, सुरेंद्र सिंह गंभीर को 452, पुरुषोत्तम सोमानी को 384, संतोष ठाकुर को 376, संतोष पांडेय को 150 तथा सुनील पटेल को 39 मत प्राप्त हुए.

### सचिव पद पर रही सबसे कांटे की टक्कर

वहीं, सचिव पद पर सबसे कांटे की टक्कर रही. इस पद के प्रत्याशी धर्मेंद्र गुर्जर ने 743 मत हासिल कर रोहित दांतरे 712 को मामूली अंतर से पीछे छोड़ा. विशाल रामटेके को 595, अमित पाठक को 477 तथा भूपेंद्र साहू को 238 मत मिले. जबकि सहसचिव पद पर निमेष सोलंकी को 631, अक्षय बाजपेयी को 446, रत्नेश पाल को 444, विकास चौबे को 400, श्रवण कुमार मिश्रा को 399, मुकेश तोमर को 299 तथा आरडी नैनवा को 141 मत मिले. इसी तरह कोषाध्यक्ष पद पर पल्लवी अध्यारू ने 859 मत हासिल कर पूरे चुनाव में सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाली प्रत्याशी बनने का गौरव हासिल किया. कोषाध्यक्ष पद की अन्य प्रत्याशी सविता तिवारी को 743, पिंकी सुनहरे को 438, पुष्पांजलि द्विवेदी को 387 तथा पिंकी हरिवंश को 271 मत मिले. कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आयुष भोरहरी, सुधीर व्यास (हैप्पी), नितिन पाराशर, स्नेहिल वर्मा (लक्की) और एडवोकेट श्यामा वर्मा निर्वाचित घोषित किए गए.

## लोगों को बताए साइबर ठगी से बचाव के तरीके



**इंदौर.** लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों के बीच थाना तुकोगंज पुलिस ने गुरुवार को वल्लभ नगर क्षेत्र में मोहल्ला बैठक आयोजित कर लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताए. सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस ने नागरिकों को यूपीआई फ्रॉड, फिशिंग लिंक, ओटीपी ठगी और सोशल मीडिया के जरिए होने वाले साइबर अपराधों के प्रति सतर्क किया.

इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी और बैंकिंग संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें. साथ ही साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई. पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा.

# नर सेवा और पांच पौधे रोपने का लिया संकल्प

- अग्रवाल समाज महासंघ विजयनगर की नई कार्यकारिणी का शपथविधि

**इंदौर. अग्रवाल समाज महासंघ विजय नगर क्षेत्र के नए संचालक मंडल, कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों की शपथ विधि समाजसेवी बालकिशन छाबछरिया, डॉ. कुलभूषण मित्तल कुक्की, दीपचंद अग्रवाल के आतिथ्य में कनाड़िया रोड, मौर्या हिल्स स्थित केबीसी सभागृह में नर सेवा नारायण सेवा तथा प्रत्येक वर्षाकाल में पांच पौधे रोपने के अभिनव संकल्प के साथ सम्पन्न हुई.**





वर्ष 2026-28 के लिए गठित कार्यकारिणी में किशोर गोयल संरक्षक, नीतेश बंसल अध्यक्ष, शैलेन्द्र अग्रवाल (महू) महामंत्री, नीरज गोयल मूर्ति उपाध्यक्ष, संदीप अग्रवाल संगठन मंत्री, प्रमोद अग्रवाल कोषाध्यक्ष, अमित बंसल संयोजक, श्रीमती प्रीति-ऋषभ जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भावना-मनीष गर्ग एवं संध्या-संदीप गर्ग उपाध्यक्ष, आभा-नीरज गोयल महिला संयोजक, पवन अग्रवाल सह संयोजक एवं पंकज अग्रवाल प्रचार मंत्री चुने गए. पुरुष कार्यकारिणी में मनीष गर्ग, रोहित सिंघल, विनय गुप्ता, अभिषेक मित्तल, लोकेश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल एवं प्रवीण गोयल निर्वाचित हुए. महिला कार्यकारिणी में शीतल-संजय अग्रवाल, कविता-मनीष गर्ग, रुपाली-रोहित सिंघल, बबीता-नवीन अग्रवाल, सरिता-शशांक अग्रवाल, स्वाति-अतुल गुप्ता, पिंकी-पंकज अग्रवाल, ज्योति-पंकज अग्रवाल, उषा-विमल अग्रवाल एवं साक्षी नीरज गोयल का मनोनयन किया गया. विशेष आमंत्रित महिला कार्यकारिणी में संध्या-प्रमोद जैन, पूजा-दीपक सिंथोलिया एवं अर्चना-गिरीश अग्रवाल का चयन किया गया.

शपथ विधि समारोह में गणेश गोयल, शीतल तोड़ीवाला, राजेश बंसल, राजेंद्र समाधान, संजय सीताराम, रत्नेश अग्रवाल, पार्षद मृदुल अग्रवाल, अजय मित्तल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, संजय डी. गोयल, विनीत केटी, राजेश मेडिकल, रवि भैया, मनोज अन्नपूर्णा, अश्विन गोयल एवं वीरेन्द्र अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में प्रमुख अग्रवाल संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे. महामंत्री शैलेन्द्र अग्रवाल ने आभार माना.

## 90 विद्यार्थियों ने एक साथ गाया गीत, लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज



**इंदौर.** स्वरशाला की 9वीं वर्षगांठ पर 90 विद्यार्थियों द्वारा विशुद्ध भारतीय संगीत पर आधारित कुहु कुहु बोले कोयलिया गीत एक साथ गाया गया, जिसे लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया और अवार्ड दिया गया. ये एक कठिन गीत है जो चार प्रमुख और कठिन रागों पर आधारित है.

गीत का मुखड़ा राग सोहनी में है. आगे राग बहार, राग जौनपुरी से होकर राग यमन पर समाप्त होता है जो कि अत्यंत चुनौतीपूर्ण हो जाता है. प्रस्तुति की खास बात यह थी कि इसमें गाने वाले सदस्यों की उम्र 40 से 70 के बीच थी. संगीत गुरु अनूप श्रीवास्तव ने गायकों का हौंसला बढ़ाते हुए सभी 90 प्रतिभागियों को अवार्ड और प्रमाण पत्र दिया.



## सेफ क्लिक अभियान के तहत छात्रों को किया जागरूक

**इंदौर.** साइबर अपराधों की रोकथाम और जनजागरूकता के लिए मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 8 जुलाई तक चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2026 अभियान के तहत राज्य साइबर जोनल कार्यालय इंदौर की टीम ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए.

इस दौरान एक इंस्टीट्यूट में करीब 100 छात्र छात्राओं और शिक्षकों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई, जबकि एक निजी स्कूल के लगभग 500 विद्यार्थियों को जागरूकता संबंधी पर्चे और पुस्तिकाएं वितरित की गई. कार्यक्रम में पीपीटी और क्विज के माध्यम से ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, साइबर फ्रॉड, मोबाइल फोन के सुरक्षित उपयोग, हेल्पलाइन नंबर 1930, साइबर क्राइम पोर्टल और संचार साथी एप के बारे में जानकारी दी गई. अधिकारियों ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने के महत्व से भी अवगत कराया तथा साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई.

एक नजर में — सुरक्षा सीमाओं की खुलेआम अनदेखी कर पर्यटक भारी लापरवाही बरत रहे

# गहरी खाई के मुहाने पर खड़े होकर सेल्फी ले रहे युवा

- जाम गेट पर पर्यटकों की जानलेवा लापरवाही
- पुलिस और सुरक्षा व्यवस्था नदारद प्रतिबंध के बाद भी जान जोखिम में डाल रहे लोग



महू. मानसून की शुरुआत होते ही महू के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जाम गेट पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है. यहां आने वाले पर्यटक अपनी जान जोखिम में डालने से बाज नहीं आ रहे हैं. शुक्रवार को जाम गेट पर कई लोग गहरी खाई के ठीक किनारे खड़े होकर सेल्फी और तस्वीरें लेते हुए देखे गए. सुरक्षा सीमाओं की खुलेआम अनदेखी कर पर्यटक यहां भारी लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है.

लगातार हो रही बारिश और बढ़ते हादसों के मद्देनजर जिला प्रशासन ने गुरुवार को ही जिले के 15 संवेदनशील पर्यटन स्थलों पर आम जनता के प्रवेश पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए थे. इसके बावजूद, जाम गेट पर पर्यटकों की आवाजाही लगातार जारी है. लोग अपनी सुरक्षा को लेकर जरा भी गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं.

### फिसलन भरी चट्टानें और तेज हवाओं से बढ़ा खतरा

बारिश के इस मौसम में यहां की चट्टानें काफी फिसलन भरी हो चुकी हैं. इसके साथ ही पहाड़ों पर चलने वाली तेज हवाओं के कारण कभी भी किसी का भी संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे गहरी खाई में गिरने का सीधा खतरा बना हुआ है. स्थानीय लोगों और प्रबुद्धजनों ने प्रशासन से मांग की है कि जाम गेट के खतरनाक हिस्सों पर तुरंत मजबूत बैरिकेडिंग की जाए और पुलिस बल तैनात कर नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए.

**सुरक्षा के लिए जल्द तैनात होंगे चौकीदार**-सुरक्षा व्यवस्था के इस संकट पर एसडीएम राकेश परमार ने बताया कि स्थिति को गंभीरता से लिया जा रहा है. सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पर्यटन स्थलों पर जल्द ही चौकीदारों की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोका जा सके.